गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई-मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं. न.दि./गेल/सचि./2016

13 दिसंबर, 2016

सूचीकरण विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल प्लाट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा - कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400051	**सूचीकरण विभाग** बीएसई लिमिटेड पहली मंजिल, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, **मुंबई-400001**

प्रिय महोदय,

कृपया **"माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्राकृतिक गैस के उपयोग के विस्तार हेतु जागरुकता अभियान प्रारंभ किया"** विषय पर प्रेस विज्ञप्ति की संलग्न प्रति प्राप्त करें।

यह आपकी जानकारी एवं रिकॉर्ड हेतु प्रेषित है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

हस्ता.

(ए. के. झा)

कंपनी सचिव

संलग्नक : उपर्युक्तानुसार

प्रतिलिपि :

2. ड्यूश-बैंक एजी, फिलीअले मुंबई
   टीएसएस एवं ग्लोबल इक्विटी सेवाएं,
   द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
   सी-70, जी ब्लॉक,
   बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई-400051

प्रेस विज्ञप्ति

हरिद्वार नेचुरल गैस प्रा. लिमिटेड

माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्राकृतिक गैस के उपयोग के विस्तार हेतु जागरुकता अभियान प्रारंभ किया।

हरिद्वार, दिसंबर 13,2016 : पवित्र नगर में पर्यावरण हितैषी प्राकृतिक गैस के आगमन के अवसर पर माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज यहां प्राकृतिक गैस जागरुकता अभियान प्रारंभ किया ताकि निवासियों और उद्योगों के स्वच्छ एवं कार्यक्षम ईंधन से सबको अवगत कराया जा सके। इस अवसर पर माननीय संसद सदस्य डा. रमेश पोखियाल निशंक,माननीय एमएलए -हरिद्वार श्री मदन कौशिक,माननीय एमएलए ,रानीपुर श्री आदेश चौहान , माननीय एमएलए ज्वालापुर श्री चंद्रशेखर ,माननीय एमएलए लक्सर श्रभ् संजय गुप्ता, माननीय एमएलए हरिद्वार ग्रामीण श्री यतिश्वरानंद, श्री बी सी त्रिपाठी,सीएमडी गेल(इडिया)लिमिटेड,श्री आई एस राव,ईडी गैस ,भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि.,श्री पी के पाल ,अध्यक्ष एचएनजीपीएल और साथ में इस अवसर पर तेल उद्योग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि हरिद्वार सिटी गैस वितरण परियोजना हरिद्वार जिले में 19 लाख लोगों के जीवन में प्रभाव डालेगी। इससे शहर के घरों को पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) मिलने से लाभ होगा जबकि लगभग 10,000 वाहनों को संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) में बदला जा सकेगा। इसके अलावा इस क्षेत्र के उद्योगों तथा वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को भी पर्यावरण हितैषी इस ईंधन के उपयोग का अवसर मिलेगा।

हरिद्वार शहर गैस वितरण परियोजना को मैसर्स हरिद्वार प्राकृतिक गैस प्रा. लिमिटेड (एचएनजीपीएल) कार्यान्वित कर रहा है। यह भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड तथा गेल गैस लिमिटेड का संयुक्त उद्यम है। एचएनजीपीएल का लक्ष्य है, हरिद्वार जिले के लगभग 2,305 वर्ग कि.मी क्षेत्र में परियोजना का विस्तार करना जिसमे 3 चार्ज क्षेत्र नामत: हरिद्वार, रुड़की एवं लक्सर शामिल हैं। पहले 5वर्षों हेतु अनुमानित पूंजीगत व्यय लगभग 148.91 करोड़ रुपए और 200.02 करोड़ रुपए होगा जो कि 25 वर्ष हेतु होगा।

गेल की बवाना नांगत पाइपलाइन को दादरी में गेल की ट्रंक पाइपलाइन से जोड़ी गई है। सहारनपुर में इस लाइन का टैप ऑफ ही सहारनपुर हरिद्वार पाइपलाइन का उद्गम होगा। परियोजना एसएचपीएल पाइपलाइन के 3 टैप ऑफ स्थानों से गैस प्राप्त करेगी।

शहर गैस वितरण के प्रभावशाली कार्य से घरों, उद्योगों, व्यावसायिक इकाइयों एवं परिवहन क्षेत्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्राकृतिक गैस प्राप्त होगी। आशा की जाती है कि लगभग 10,000 वाहन सीएनजी में रुपांतरित हो जाएंगे, इससे शहर में प्रदूषण की मात्रा में भारी कमी आएगी।

पाइपलाइन से बिना किसी परेशानी के सीएनजी मिलेगी और एलपीजी की अतिरिक्त क्षमता को ग्रामीण क्षेत्रों को उपलब्ध कराया जाएगा। होटलों, रेस्त्रां शीत भंडारगृह एवं डेयरियों को ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी और जिले में टूरिस्म को भी बढ़ावा देगी। कंपनी गैस आधारित शमशानों के निर्माण की भी योजना बना रही है।

हरिद्वार सीजीडी महत्वपूर्ण सीएनजी कारिडोर का हिस्सा होगा जो नई दिल्ली से मेरठ,मुजफ्फरपुर, ऋषिकेष एवं देहरादून तक सभी विद्यमान और भावी सीजीडी नेटवर्क को जोड़ेगा। यह शहर गैस वितरण नेटवर्क हरिद्वार एवं निकटवर्ती क्षेत्र में स्थित आटोमोबाइल उद्योगों, फार्मा कंपनियों, कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण संस्थानों, टैक्सटाइल यूनिटों, व्यक्तिगत देखभाल वाले उत्पादों की कंपनियों को नया जीवन प्रदान करेगा। यह न केवल उद्योगों को प्रगति का अवसर देगा बल्कि क्षेत्र के युवाओं हेतु नौकरियों के अवसर भी प्रदान करेगा।